पंजीकृतः—अतिआवश्यक

प्रेषक

महानिदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
शिक्षा सदन, सैक्टर—5, पंचकूला।

सेवा में,

हरियाणा के सभी राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य।

यादी क्रमांकः 24 / 38—2024 सी0—7(1)

दिनाक, पंचकूला : 30/9/2025

विषयः— राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत सहायक / एसोसिएट प्रोफेसरों की वर्ष 2024—25 की वार्षिक गोपनीय रिर्पोटस ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिखने बारे।

---

उपरोक्त विषय पर इस शाखा के पत्र क्रमांक 24 / 38—2024 सी07(1) दिनांक 30.07.2025 के सन्दर्भ में।

विषयांकित मामले में आपको सूचित किया जाता है कि सभी राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत सहायक / एसोसिएट / प्रोफेसरों की वर्ष 2024—25 की सैल्फ अप्रैजल रिपोर्ट भरने की तिथि 31.08.2025 सुनिश्चित की गई थी, जिसको बढा कर दिनांक 15.09.2025 कर दिया गया था, परन्तु ए0सी0आर0 पोर्टल पर लगभग 200 के करीब सहायक / एसोसिएट / प्रोफेसरों ने अपनी सैल्फ अप्रैजल रिपोर्ट नहीं भरी है। जिसके भरने का समय दिनांक 7 अक्तूबर तक बढा दिया गया है।

इसके अतिरिक्त सभी राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को यह भी निर्देश दिये जाते है कि अपने अधीनस्थ कार्यरत सभी सहायक / एसोसिएट प्रोफेसरों की सैल्फ अप्रैजल रिपोर्ट पर अपना प्रतिउत्तर / टिप्पणी दिनांक 10.10.2025 तक आनॅलाईन भरकर भिजवाना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त जिन सहायक / एसोसिएट प्रोफेसरों को डी0डी0ओ0 पावर दी गई है जिनको 3 महीने से कम का समय हो चुका है उनकी ए0सी0आर0 जिला, उच्चतर शिक्षा अधिकारी के माध्यम से भरकर भिजवाना सुनिश्चित करें। विभाग द्वारा यह भी निर्देश दिये जाते है कि इस समय अवधि को आगे और नही बढाया जाएगा। यदि किसी कारणवंश ए0सी0आर0 नहीं भरी जाती है तो उस वर्ष की सैल्फ अपरेजल रिपोर्ट रदद् मानी जाएगी।

अतः किसी भी प्रकार की देरी के लिए सहायक प्रोफेसर / एसोसिएट प्रोफेसर / प्रोफेसर / प्राचार्य स्वंय जिम्मेवार होगें।

अधीक्षक महाविद्यालय—7
कृतेः महानिदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला

पृष्ठांकन क्रमांक—सम— दिनांक, पंचकूला

इसकी एक प्रति इन्चार्ज आई0टी0सैल0 को वर्ष 2024—25 की वा0 गोपनीय रिपोर्ट का पोर्टल खोलने हेतु तथा विभाग की बैवसाईट / राजकीय महाविद्यालयों की ई0मेल आई0डी0 पर अपलोड करने के लिए आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

-sd-

अधीक्षक महाविद्यालय—7
कृतेः महानिदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला